दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 31 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा के प्रचार अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा– यह चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए है।

02. पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत किया गया।

03. मैट्रिक का परीक्षा परिणाम जारी। लगभग तिरासी प्रतिशत परीक्षार्थी सफल। पूर्णिया के शिवांकर राज्य टॉपर बने।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले चार दिनों में राज्य में बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर श्री मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि दो हजार चौबीस का चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का चुनाव है।

———बाईट———

————————————————————————

इधर, विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने भी आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली आयोजित की। यह रैली दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी सहित विभिन्न मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन के लिए की गई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को धमकाने के लिए संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में किसी प्रकार की बराबरी नहीं है। श्री खड़गे ने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए है और विपक्ष को एकजुट होकर लड़ना चाहिए। महारैली में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी, आम आदमी पार्टी नेता तथा पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने भी भाग लिया। बिहार से राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी रैली में शामिल हुए। इसके अलावा वाम दलों के नेता, एनसीपी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, आम आदमी पार्टी सहित विपक्षी गठबंधन के कई नेता रैली में शामिल हुए।

———————————————————————

इधर, लोक सभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन का कार्य जारी है। इस चरण में पांच संसदीय क्षेत्रों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका में छब्बीस अप्रैल को वोट डाले जायेंगे। कल किशनगंज संसदीय क्षेत्र से जदयू प्रत्याशी मुजाहिद आलम ने नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले जदूय प्रत्याशी संतोष कुशवाहा ने पूर्णिया संसदीय सीट से नामांकन किया था। दूसरे चरण की सभी संसदीय सीटों पर अभी तक दो प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। पांचों संसदीय सीटों पर चार अप्रैल तक नामांकन दाखिल किये जा सकते हैं।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए गया, नवादा, औरंगाबाद और जमुई की चार सीटों पर नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गयी। उन्नीस अप्रैल को यहां मतदान होना है। नामांकन पत्रों की जांच में उनतालीस प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये। इस चरण में बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था, जिसमे तैंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इन सभी सीटों पर नाम वापसी की अंतिम तारीख दो अप्रैल है।

———————————————————————

पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के घोषित प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद ने आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास पर दोनों नेताओं के बीच चुनावी रणनीति पर चर्चा की गयी। इधर, खगड़िया से लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के प्रत्याशी राजेश वर्मा ने भी मुख्यमंत्री से सीएम आवास पर मुलाकात की। लोकसभा चुनाव में घोषित प्रत्याशियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात को एनडीए की एकजुटता के प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है।

———————————————————————

बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। श्री शर्मा ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए बताया कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर अपने निर्णय की जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में बिहार कांग्रेस के नेतृत्व के मनमाने रवैये से वो आहत होकर पार्टी छोड़ रहे हैं।

———————————————————————

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे अररिया लोकसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

–––रिपोर्ट–––

लोकसभा चुनाव 2024 की घोषणा के साथ अररिया में चुनावी सरगर्मी बढ़ गई है। आचार संहिता लागू होने के साथ हीं बैनर, पोस्टर, होर्डिंग हटाने का काम युद्ध – स्तर पर शुरू कर दिया गया । वहीं, आचार संहिता उल्लघंन के मामलों पर कड़ाई से नजर रखी जा रही है। अररिया संसदीय सीट के लिए तीसरे चरण में सात मई को मतदान होना है। 12 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने के साथ हीं नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अररिया में लगभग बीस लाख मतदाता है जिनमे दस लाख 43 हजार पुरुष और नौ लाख 62 हजार महिला मतदाता हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी इनायत खान ने बताया कि चुनाव महापर्व है। उन्होने मतदान के अधिकार का महत्तव समझते हुए मतदाताओं से वोट की अपील की।

–––बाइट–––

अररिया संसदीय क्षेत्र में पहली बार मतधान करनेवालों की बड़ी संख्या है। नए मतदाता मताधिकार को लेकर काफी उत्साहित हैं। युवा मतदाताओं में वोटिंग प्रक्रिया को समझने और इसमें अपनी भागीदारी निभाने की ललक भी साफ तौर से देखी जा सकती है।

–––बाईट––

इधर पुलिस प्रशासन क्षेत्र में भयमुक्त मतदान के लिए लगातार फ्लैग दृ मार्च कर रहा है। ,वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के साथ ही शराब औ मादक पदार्थ के धधेंबाज़ों पर नकेल के लिए भी लगातार छापेमारी और बरामदगी की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि बॉर्डर क्षेत्र में भी एसएसबी के सहयोग से विशेष चौकसी रखी जा रही है।

–––बाइट––

अररिया ससंदीय सीट से भाजपा ने फिर से प्रदीप कुमार सिंह को प्रत्याशी बनाया है जबकि महागठबंधन में सीट शेयरिंग के तहत राजद मिली इस सीट से अभी उम्मीदवार की घोषणा नहीं की गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए अररिया से गौतम सिंह सहगल।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज पूर्व उपप्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किया। राष्ट्रपति ने वयोवृद्ध नेता श्री आडवाणी के आवास पर जाकर स्वयं उन्हें यह सम्मान प्रदान किया।एक सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर व्यक्तित्व लाल कृष्ण आडवाणी ने दृढ़ समर्पण और असाधारण कौशल के साथ सात दशकों से भी अधिक समय तक देश की सेवा की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और श्री आडवाणी के परिवार के सदस्य इस अवसर पर मौजूद थे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। इस वर्ष लगभग तिरासी प्रतिशत परीक्षार्थी सफल हुए हैं। पूर्णिया के शिवांकर कुमार ने चार सौ नवासी अंक के साथ राज्यभर में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। वहीं, समस्तीपुर के आदर्श कुमार दूसरे स्थान पर रहे हैं। सिमुलतला जमुई के आदित्य कुमार, मधुबनी

के सुमन कुमार पूर्वे, छपरा–एकमा की पलक कुमारी और वैशाली जिले की शाजिया परवीन संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे हैं। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने आज परिणाम जारी करते हुए बताया कि चार लाख बावन हजार से अधिक विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन में पास हुए हैं।

–––बाईट–––

श्री किशोर ने कहा कि इस वर्ष मैट्रिक परीक्षा में छात्राओं की संख्या बढ़ी है और उनकी सफलता का प्रतिशत भी अधिक रहा है। उन्होंने बताया कि तीन अप्रैल से विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा का फार्म भरा जा सकेगा, जबकि मई के महीने में कम्पार्टमेंटल विषय का परिणाम घोषित कर दिया जाएगा।

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राज्य में दूसरे टॉपर रहे समस्तीपुर के आदर्श कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय लगातार रिविजन और सेल्फ स्टडी बताया है। आदर्श ने अपनी सफलता का श्रेय अपने चाचा को दिया। शेखपुरा जिले के चेवाड़ा प्रखंड के चकंदरा गांव निवासी हरे राम कुमार, खगड़िया के प्लस–टू आर्यकन्या उच्च विद्यालय की छात्रा और भगत टोला की रहने वाली सानिया कुमारी, सुपौल जिले के विलियम्स हाई स्कूल के छात्र सौरभ कुमार ने भी छठा स्थान प्राप्त किया है। इधर, छठा स्थान प्राप्त करने वाली सुपौल के किशनपुर हाई स्कूल की छात्रा दीपिका कुमारी ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वे अंतरिक्ष वैज्ञानिक बनना चाहती हैं।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में तापमान में वृद्धि दर्ज किये जाने से गर्मी बढ़ गयी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बक्सर, वैशाली, औरंगाबाद और नवादा समेत राज्य के उत्तर–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर अधिकतम तापमान अड़तीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के पटेल ने कहा कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि होने की संभावना है। इसके प्रभाव से कई स्थानों पर गर्म हवा चल सकती है।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––

भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलौटी गांव में एक भीषण सड़क हादसे में चार मजदूरों की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हादसे में मारे गए लोगों के प्रति गहरी शोक–संवदेना व्यक्त की है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण –भारत नेपाल की सीमा पर तैनात एसएसबी की चौवालीसवीं बटालियन के जवानों और भंगहा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो करोड मूल्य की चरस जब्त की गयी है। पुलिस ने बताया कि दस किलो चरस के साथ मोटरसाईकिल सवार एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आज से तैंतीसवीं सब–जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी बालिका प्रतियोगिता की शुरूआत हो गयी। पटना के जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

इधर, बेगूसराय में आज से बावनवीं सीनियर मेन्स राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुयी। प्रतियोगिता में अठ्ठाईस राज्यों के छह सौ से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के मेरठ से भाजपा के प्रचार अभियान की शुरूआत की। श्री मोदी ने कहा– यह चुनाव भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए है।

02. पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से अलंकृत किया गया।

03. मैट्रिक का परीक्षा परिणाम जारी। लगभग तिरासी प्रतिशत परीक्षार्थी सफल। पूर्णिया के शिवांकर राज्य टॉपर बने।

04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले चार दिनों में राज्य में बढ़ेगा गर्मी का प्रकोप।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।